प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल कानपुर में करीब 20 हजार 900 करोड रुपए की विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास और उद्घाटन : जनसभा को संबोधित कर लाभार्थियों को बांटेंगे प्रमाण पत्र।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में विकसित कृषि संकल्प अभियान का किया शुभारंभ : कहा– विकसित भारत बनाने में कृषि की होगी अहम भूमिका।
3. केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने आज सिद्धार्थनगर में गौतमबुद्ध कन्वेंशन सेंटर का किया शिलान्यास : कहा– भगवान बुद्ध से जुड़े दर्शनीय स्थलों का किया जायेगा विकास। और
4. प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत : मौसम विभाग ने राज्य के पश्चिमी और पूर्वी इलाकों में तेज़ हवाओं और ओले गिरने का जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल कानपुर में करीब 20 हजार 900 करोड रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ग्राउंड में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रधानमंत्री कल दो हजार 120 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन से कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन खंड का उद्‌घाटन करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री 8,300 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली 660 मेगावाट की पनकी थर्मल पावर एक्सटेंशन परियोजना का उद्‌घाटन करेंगे, जिससे उत्तर प्रदेश की ऊर्जा क्षमता बढ़ेगी। प्रधानमंत्री घाटमपुर थर्मल पावर परियोजना की 9,330 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली तीन 660 मेगावाट की इकाइयों का भी उद्‌घाटन करेंगे, जिससे बिजली आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके अलावा श्री मोदी जिन परियोजनाओं का शुभारम्भ करेंगे उनमें बिनगवां में 40 एमएलडी क्षमता वाला ट्रीटमेंट प्लांट, गौतमबुद्ध नगर में 220 और 132 केवी सबस्टेशन, कानपुर और आसपास के क्षेत्रों के स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रैफिक सुधार और नगरीय सेवाओं से जुड़ी अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आयुष्मान वय वंदना योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन और सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और चेक भी देंगे। प्रधानमंत्री के दौरे से पहले आज सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपीजी ने चकेरी एयरपोर्ट, जनसभा स्थल, मेट्रो स्टेशन समेत सभी तैयारियों का निरीक्षण किया। राजेश श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, कानपुर।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 जून तक चलने वाले इस अभियान में लैब, आईसीआर, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र और अन्य संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिक पहली बार ज़मीनी स्तर पर किसानों के साथ कृषि की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में कृषि की अहम भूमिका होगी। बाइट.....

*विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो विजन दिया है उसकी आधारशिला हमारी कृषि बनेगी और कृषि के माध्यम से हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में क्या कदम उठा सकते हैं। इस पर ये सभी लोग मिलकर के चाहे वो कृषि वैज्ञानिक होंगे, कृषि विभाग से जुड़े हुए अधिकारी और कार्मिक होंगे, हमारे अन्नदाता किसान होंगे। जिस किसी भी कार्य के साथ जुड़े होंगे इनको खेती किसानी के बारे में आधुनिक जानकारी उपलब्ध कराने के बड़े अभियान का शुभारंभ होने जा रहा है।*

प्रदेश के सभी जनपदों में भी आज से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत हो गई है। कुशीनगर, बरेली, अमरोहा, शाहजहांपुर और वाराणसी सहित विभिन्न जनपदों में अभियान के तहत जागरुकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वाराणसी के किसान कैलाश नारायण सिंह ने कहा कि इस पहल से किसानों को बहुत फायदा होगा। बाइट....

*बहुत ही लाभकारी यह प्रोग्राम है। ये पहली बार शायद ये प्रयास हो रहा है कि किसान और वैज्ञानिकों को एक पटल पर लाया गया है और इसमें सारी जानकारियां दी जा रही है कि क्या–क्या योजनाएं सरकार की चल रही हैं और क्या– क्या पद्धतियां हम नए अपडेट किए हैं उसके बारे में किसान को बताया जा रहा है तो ये एक बहुत ही बड़ा प्रयास है और सराहनीय प्रयास है।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में आज राज्य सरकार और ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री ने इस एमओयू को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की भावना के अनुरूप बतात हुए कहा कि इस प्रकार की साझेदारी राज्य को वैश्विक शिक्षा मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाएगी।

—————————

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने आज संभल में दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को सहायक उपकरण बांटे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दिव्यांग जनों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाकर उन्हें प्रोत्साहित कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वृद्ध जनों को सहायक उपकरण देकर उनके जीवन में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय आवास और शहरी मामले के मंत्री मनोहर लाल ने आज सिद्धार्थनगर में गौतमबुद्ध कन्वेंशन सेंटर का शिलान्यास किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह भगवान बुद्ध की धरती है, जहां से शांति का संदेश दुनिया को दिया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में केंद्र सरकार यहां भगवान बुद्ध से जुड़े दर्शनीय स्थल का निर्माण कराएगी। बाइट....

*यहाँ पर कोई एक पर्यटन स्थल ऐसा बने कि देश और दुनिया के लोग आना शुरू करें। ऐसा हम इसको आगे बढ़ा कर के और कोई न कोई ऐसे इसका विकास करने के लिए भारत सरकार की ओर से जो भी कुछ होगा उसको हम जरूर करेंगे। क्योंकि महात्मा बुद्ध की जो कार्यशैली, जो जीवन शैली, जो उनका उपदेश जो उनका ज्ञान सारी दुनिया में रोशनी देता है। उस रोशनी का रोशनी पुंज केंद्र ये स्थान बने और लोगों को इसका लाभ मिले। यही मेरी इच्छा है।*

इस अवसर पर सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि बुद्ध की इस धरती पर आना सौभाग्य की बात है। बाइट....

*भारत सरकार के ऊर्जा और शहरी विकास मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर जी न केवल गौतम बुद्धा कन्वेंशन सेंटर का शिलान्यास किया है जिसकी कीमत तेईस करोड़ है। श्री मनोहर लाल जी जहाँ पे उनतीस साल तक गौतम बुद्ध बालकाल में राजा शुद्धोदन की राजधानी कपिलवस्तु में थे, उस स्तूप पर भी गए। भारत सरकार के संग्रहालय को भी देखा और बहुत सौभाग्यशाली उन्होंने माना। उन्होंने कहा इसका विकास हमारी भारत सरकार करेगी, उत्तर प्रदेश सरकार करेगी।*

————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। आकाशवाणी

समाचार सशस्त्र बलों के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप, एक विशेष श्रंखला प्रसारित कर रहा है। आज इस कड़ी में हमयाद कर रहे हैं परमवीर चक्र विजेता मेजर धानसिंह थापा को जिन्होंने 1962 में चीन–भारत युद्ध में अदम्य साहस दिखाते हुए सर्वोच्चबलिदान दिया था। एक रिपोर्ट.....

*1928 में हिमाचल प्रदेश के शिमला में जन्में मेजर धान सिंह थापा अगस्त, 1949 में आठ गोरखा राइफल्स में भर्ती हुए। 1962 में हुए भारत–चीन के युद्ध के दौरान मेजर थापा लद्दाख में पेंगोंग झील के पास एक रणनीति ग्रुप से महत्वपूर्ण सिरीजाप–1 पोस्ट पर सी कंपनी की एक पलटन की कमानसंभाल रहे थे। 21 अक्तूबर 1962 को चीनियों ने इस पोस्ट पर तोप औरमोटार्र से तेज हमला किया। लगातार हो रहे दुश्मन के हमलों से विचलित हुए बिना मेजर थापा और उनके साथी दुश्मन का मुकाबला डटकर करते रहे। गोला बारूद की कमी के बावजूद पलटन ने प्रतिरोध जारी रखा और जब चौकी पर आखिरकार दुश्मन ने कब्जा करलिया तो मेजर थापा अपने ट्रेंट से बाहर निकले दुश्मन के साथ अपने हाथों से हमला किया। अंत में दुश्मन ने उन्हें अपने कब्जे में ले लिया। अपने असाधारण साहस, नेतृत्व और बहादूरी के लिए मेजर धनसिंह थापा को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

—————————

आईपीएल क्रिकेट में प्लेऑफ मैचके पहले क्वालीफायर में, आज पंजाब किंग्स का मुकाबला रॉयल चलेंजर्स बैंगलुरू से हो रहा है। एलिमिनेटर राउंड में, कल मुम्बई इंडियंस का मैच गुजरात टाइटन्स से होगा। प्रतियोगिता का फाइनल तीन जून को अहमदाबाद में होगा।

—————————

प्रदेश के कई हिस्सों में तेज़ बारिश और आंधी का सिलसिला आज भी जारी रहा। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के लिए प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश होने और ओले गिरने का अनुमान जताया है। विभाग के मुताबिक राज्य के दक्षिणी हिस्से में अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट आने की संभावना है।

(समाप्त)